No. of Printed Pages : **6**

**5906**

Register Number | | | | | | |

# Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 90

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**भाग - I/PART - I**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the **correct** answer.

**1.** तुलसीदास के पिता __________ है।

(अ) वाल्मीकि (आ) रामानंद (इ) गिरिधरदास (ई) आत्माराम दुबे

**2.** सरल वचन __________ समान है।

(अ) विकास (आ) तीर (इ) पतन (ई) औषध

**3.** चंपा के पिता को __________ ने मारा।

(अ) चंपा (आ) मणिभद्र (इ) जलदस्यु (ई) बुद्धगुप्त

**4.** __________ में रहते समय गाँधीजी ने टालस्टाय फार्म नामक एक आश्रम स्थापित किया था।

(अ) दक्षिण अफ्रीका (आ) भारत (इ) जर्मन (ई) अमेरीका

**5.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लड़के का बाप __________ है।

(अ) रतन (आ) गोपाल प्रसाद (इ) शंकर (ई) रामस्वरूप

**6.** हमारे संविधान के अनुसार भारत एक __________ राज्य है।

(अ) राष्ट्रीय (आ) राजतंत्र (इ) अंतरराष्ट्रीय (ई) गणतंत्र

[ Turn over

**7.** आकाश-दीप __________ की श्रेष्ठतम कहानियों में से है।

(अ) वर्माजी (आ) प्रेमचन्दजी (इ) अज्ञेयजी (ई) प्रसादजी

**8.** रमजान के पूरे __________ रोज़ों के बाद ईद आती है।

(अ) 60 (आ) 42 (इ) 45 (ई) 30

**9.** कमल ने माँ से __________ की शिकायत की।

(अ) निर्मला (आ) रमा (इ) शाम (ई) उमा

**10.** निर्मला की माता का नाम __________ है।

(अ) गीता (आ) सीता (इ) राधा (ई) सावित्री

**11.** ई-मेल जो इन्टरनेट पर आधारित है उसका जन्म सन् __________ में हुआ।

(अ) 1975 (आ) 1970 (इ) 1971 (ई) 1972

**12.** स्वर संधि __________ प्रकार की होती है।

(अ) चार (आ) पाँच (इ) सात (ई) तीन

**13.** 'Acknowledgement' का हिन्दी पारिभाषित शब्द __________ है।

(अ) पावती (आ) बीजक (इ) वकालत (ई) प्रसारण

**14.** तप: + वन की संधि है।

(अ) तपोवन (आ) तपवन (इ) तप:वन (ई) तपावन

## भाग - II/PART - II

## SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

**15.** प्रह्लाद किसको छोड़कर राम का भक्त बना?

**16.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य क्या है?

**17.** भारत का सच्चा नागरिक कौन है?

**18.** निर्मला ने चवन्नी में क्या-क्या खरीदकर कमल को दिया?

## SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**
Answer **any two** of the following.

**19.** गोधूली के बीच कृष्ण कैसे दिख पड़ते थे ?

**20.** टालस्टाय फार्म में कौन-कौन से पेड़ थे ?

**21.** वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
(अ) ज्ञात होना
(आ) रिहा करना

## SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**
Answer **any seven** of the following.

**22.** सूचना के अनुसार बदलिए।
मैं कलम चाहता हूँ। (चाहिए का प्रयोग कीजिए)

**23.** संधि विच्छेद कीजिए।
(अ) निर्धन
(आ) उल्लेख

**24.** शुद्ध कीजिए।
लड़के ने किताब लाया।

**25.** शुद्ध कीजिए।
मेरा घर स्कूल का पास है।

**26.** सूचना के अनुसार बदलिए।
किसान गाँव में रहता है। (वचन बदलिए)

**27.** विसर्ग संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण दें।

**28.** आकाश-दीप कहानी का उद्देश्य क्या है ?

**29.** ईद का मौसम कैसा होता है ?

**30.** सावित्री भाई के जन्म दिवस पर क्या उपहार देना चाहती थी ?

## भाग - III/PART - III

### SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**31.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

सब मतवाले कहें भले ही
मैं जड़ जीव निराला हूँ
मैं मेरे पिंजरे का कैदी
असहाय मतवाला हूँ।

**32.** नेहरूजी ने अपने भाषण में ताकत को बनाये रखने के लिए क्या सन्देश दिया है?

**33.** सावित्री के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।

**34.** पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अ) Agenda

(आ) Broadcast

(इ) Evaluation

(ई) Guardian

### SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

**35.** निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए।

प्राचीन काल में हमारे देश के पूर्वज स्वच्छता को प्रधानता देते थे। प्राचीन काव्यों में नगर वर्णन के संदर्भ में नगर की स्वच्छता के बारे में बताया जाता था। जनता भी स्वच्छता पर ध्यान रखती थी। लेकिन आजकल भारत में स्वच्छता की अवहेलना होने लगी है। इस स्थिति को सुधारने के लिए मध्य सरकार ने स्वच्छ भारत का अभियान चलाया है।

**36.** चम्पा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**37.** कमल और निर्मला क्या-क्या करते थे?

**38.** संधि कीजिए।

(अ) कवि + इंद्र

(आ) गै + अक

(इ) सम् + योग

(ई) अंत: + करण

## SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

**39.** संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

सरकार जो चाहे सो कर ले, पर अगर आमदनी करनी है तो सरकार को बस एक ही टैक्स लगाना चाहिए।

**40.** कवि काल से अपराजित वासी समझाइए।

**41.** सही मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| माखनलाल चतुर्वेदी | कामायनी |
| महादेवी वर्मा | एक भारतीय आत्मा |
| जयशंकर प्रसाद | झाँसी रानी |
| वृन्दावनलाल वर्मा | परिचय |

**42.** हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

Visiting new Lands and new people by travel is called Tourism. It is an essential part of education and without it no education can be considered to be completed. What we study in books in schools is theoretical knowledge. It is only travelling which gives us practical knowledge.

**43.** भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली-2 शाखा में चालू खाता खोलने के लिए शाखा प्रबन्धक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

## भाग - IV/PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in detail.

**44.** (अ) उमा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

(आ) भारत के वैज्ञानिकों के बारे में लिखिए।

**45.** (अ) 'सत्याग्रही का बयान' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) गणपति की विशेषताएँ बताइए।

**46.** (अ) 'काल तुझसे होड़ है मेरी' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) हकों की रक्षा के अधिकार की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

## भाग - V/PART - V

कंठस्थ भाग : **( अनिवार्य प्रश्न )** **1x6=6**

Quote from memory. **(compulsory)**

**47.** कवि बिहारी के कोई तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

**- o O o -**